प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा का किया अनावरण : कहा– लखनऊ के साथ विकास का बराबर भागीदार बन रहा है बाराबंकी।
2. खाने पीने की चीजों में मिलावट करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : प्रदेश सरकार ने होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंट की जांच और सत्यापन के दिये निर्देश।
3. उपराष्ट्रपति जगदोप धनखड़ कल गौतमबुद्ध नगर में इंटरनेशनल ट्रेड शो– के दूसरे संस्करण का करेंगे उद्घाटन : एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा– इस आयोजन से विश्व पटल पर बनी है ब्रांड यूपी की पहचान।

और

4. अयोध्या में आज से महाराष्ट्र के वारकरी समुदाय के श्रद्धालु कर रहे हैं ज्ञानेश्वरी पारायण।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती की पूर्व संध्या पर आज बाराबंकी के विजय पार्क में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया, साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज में उनके जीवन पर आधारित

प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के सपनों का भारत और उत्तर प्रदेश बनाने तथा उनके बताये गये रास्ते का अनुसरण करते हुए समाज में बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंचाने में सफल होगा। उन्होंने कहा कि बाराबंकी राज्य राजधानी क्षेत्र का महत्वपूर्ण जनपद बन चुका है। बाराबंकी भी लखनऊ के साथ विकास का बराबर भागीदार बनने जा रहा है। बाइट......

*बाराबंकी स्टेट कैपिटल रीजन का पार्ट बनते ही बाराबंकी के साथ यहाँ के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने का कार्य पब्लिक ट्रॉसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा का लाभ प्रदान करने का कार्य और उसका लाभ भी बाराबंकी के वासियों को प्राप्त होने जा रहा है। एक और प्रदेश की राजधानी लखनऊ है और दूसरी तरफ श्री अयोध्या धाम है दोनों के बीच में बाराबंकी है विकास वहां हो या यहाँ हो उसके लाभ से बाराबंकी को कोई वंचित नहीं कर सकता है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बाराबंकी के लोधेश्वर नाथ मंदिर महादेवा का भी बेहतरीन कॉरिडोर बनाने की दिशा में अग्रसर है। वहीं राम स्नेही घाट के पास इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाया जायेगा, जिससे जनपद में भी हजारों नौजवानों को नौकरी उपलब्ध होगी। यहां केडी सिंह बाबू और हॉकी इंडिया का भव्य स्मारक बनाने की तैयारी भी चल रही है।

————————

प्रदेश सरकार खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। देश के विभिन्न इलाकों में हो रही ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट और अन्य खान–पान की दुकानों की गहन जांच और सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में हुई महत्वपूर्ण बैठक में निर्देश दिए है कि इन प्रतिष्ठानों के संचालकों सहित सभी कर्मचारियों का सत्यापन करने के लिए प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाया जाएगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम सत्यापन करेगी। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, प्रबंधक और अन्य संबंधित कर्मियों के नाम और पते प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ढाबों, होटलों और रेस्टोरेंट जैसे खाद्य प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाने चाहिए।

————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने आज वर्चुअल माध्यम से आगरा के सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज में स्थापित तंबाकू निवारण केन्द्र का उद्घाटन किया। तंबाकू निवारण केन्द्र के प्रभारी और मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग के विभागाध्यक्ष डॉ0 विशाल सिन्हा ने बताया कि तंबाकू के सेवन को रोकने

और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस केन्द्र का शुभारम्भ किया गया है। वहीं आज प्रदेशभर में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत तम्बाकू मुक्त युवा अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान दो माह तक चलेगा। वाराणसी के भेलूपुर स्थित एसवीएम राजकीय चिकित्सालय में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 संदीप चौधरी ने बताया कि अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों और शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिये विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

उधर, रायबरेली में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जीआईसी इंटर कॉलेज से तंबाकू मुक्त य़ुवा अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

मेरठ के सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिको विश्वविद्यालय में आज प्रदेश के कृषि विज्ञान केंद्रो की तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। कार्यशाला में प्रदेश के नवासी कृषि विज्ञान केन्द्रों के अध्यक्ष और कृषि विश्वविद्यालयों के निदेशक भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्रो के तकनीकी सुदृ ढ़ीकरण के विभिन्न आयामा पर चर्चा की जा रही है। इस अवसर पर कृषि मंत्री  सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश

सरकार कृषि विज्ञान केन्द्रों के आधारभूत ढ़ाँचे को मजबूत करने के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं। कार्यशाला में कृषि परियोजनाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिय 25 कृषि विज्ञान केंद्रो को सम्मानित किया गया।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

उपराष्ट्रपति जगदोप धनखड़ कल गौतमबुद्ध नगर में इंटरनेशनल ट्रेड शो– के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी शामिल होंगे। पांच दिवसीय ट्रेड शो का समापन 29 सितंबर को होगा। प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने गौतमबुद्धनगर में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि यह आयोजन विश्व पटल पर ब्रांड यूपी की पहचान बन गया है। यह कार्यक्रम प्रदेश

के व्यापार और संस्कृति को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में वियतनाम एक भागीदार देश रहेगा।

बाइट......

*प्रदेश के हुनर को प्रदर्शित किया जा रहा है। अब तक सत्तर देशों के तीन सौ पचास से अधिक क्रेताओं ने अपना प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण यहाँ पर किया है और ये संख्या अभी और बढ़ेगी आयोजन में लगभग साढ़े तीन से चार लाख तक का प्रताव होने की संभावना है जो विगत वर्ष से अधिक है।*

——————

स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज सूचना और प्रसारण मंत्रालय के लखनऊ स्थित पत्र सूचना कार्यालय और केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने सेल्फी प्वाइंट लगाया। स्वच्छता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने और स्वच्छता को उनकी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिये प्रेरित करने के उद्‌देश्य से यह पहल की गई है। सेल्फी प्वाइंट पर आने वाले लोग स्वच्छता अभियान के समर्थन में अपनी तस्वीरें खींच कर सोशल मीडिया पर साझा कर सकते हैं। उधर, मिर्जापुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस की ओर से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं बदायूं के एक इंटर कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गई।

——————

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से आये वारकरी समुदाय से जुड़े करीब तीन हजार लोग आज से 6 दिन तक ज्ञानेश्वरी का पारायण कर रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.......

*राष्ट्रीय भगवत धर्म परिषद मध्य प्रदेश के अध्यक्ष नारायण महाराज शिंदे ने बताया कि महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश से सहित अन्य कई प्रति से बड़ी संख्या में वारकरी समाज के लोग पहुंचे हैं हम सभी का एक ही उद्देश्य है जो हमारे पूर्वज हैं बैकुंठ वासी पूर्वज माधव जी महाराज ने संकल्प कराया था। बड़ी संख्या में वारकरी समुदाय के लोगों के साथ सरयू का जल हाथ लेकर कि जब रामलाल नए मंदिर में विराजमान हो जाएंगे तो यहां आकर संत संत ज्ञानेश्वर महाराज जी की ज्ञानेश्वरी का पारायण का आयोजन करेंगे और आज बड़े ही खुशी की बात है कि 22 जनवरी को रामलाल अपने गर्भगृह में विराजमान हो गए हैं। इसलिए आज कई प्रान्तों से पुरुष और महिलाएं यहां पर आकर पूर्ण आहुति के रूप में ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पाठ कर रहे हैं। तनमय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

—————————

## और अब कुछ संक्षिप्त समाचार

राज्यपाल और कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने आज बलिया में जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में 42 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस मौके पर 23 हजार 342 विद्यार्थियों को उपाधि मिली। एमएससी की आयुषी सिंह को चांसलर मेडल दिया गया। .............

पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश के 27 लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया ह। इन सभी

आवेदन का त्रिस्तरीय सत्यापन कराया जा रहा है। द्वितीय चरण के सत्यापन में कौशांबी ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। ................

रामपुर के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने आज जिले में किसानों को सब्सिडी पर ट्रैक्टर और बाढ़ पीड़ित किसानों को आर्थिक सहायता के लिए चेक बांटे। उन्होंने जिले के अफसरों के साथ बैठ कर अधूरे कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। ...........

इटली में हुई रालर स्केट प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम ने चीन को हराकर कांस्य पदक जीता है। महिला टीम में बतौर उपकप्तान शामिल बदांयू के बांके बिहारी कन्या महाविद्यालय की छात्रा वैष्णवी शर्मा ने गजब का खेल दिखाया है।

(समाप्त)